दिनांक : 29.04.2025

राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं : 02

### गुजरात मेट्रो ने जारी किया अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच ट्रेन संचालन का नया टाइम टेबल, सुबह 7.25 से रात 7.22 तक मिलेगी सेवा

# मेट्रो ट्रेन : मोटेरा से सचिवालय तक 18 फेरे लगाएगी, 6 सीधे गिफ्ट सिटी तक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


सचिवालय मेट्रो स्टेशन

**अहमदाबाद.** मोटेरा से गांधीनगर सचिवालय के बीच मेट्रो ट्रेन 18 फेरे लगाएगी। इसके अलावा मोटेरा से गिफ्ट सिटी तक दिन में छह बार सीधे फेरे लगाए जाएंगे। हर दिन सुबह 7.25 से रात 7.22 बजे के दौरान मेट्रो ट्रेन की सेवा इस रूट पर मिलेगी।

गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने रविवार (27) अप्रेल से मोटेरा से सचिवालय तक मेट्रो सेवा का नया टाइम टेबल घोषित किया है। शनिवार को घोषित नए टाइम टेबल के तहत पहली ट्रेन सुबह 7.25 को मोटेरा स्टेशन से शुरू होगी, जो जीएनएलयू होते हुए सीधे गिफ्ट सिटी (7.54) तक जाएगी। दूसरी ट्रेन सुबह 8 बजे शुरू होगी जो जीएनएलयू होते हुए 8.29 को गिफ्ट सिटी पहुंचेगी। मोटेरा से गांधीनगर सचिवालय के लिए पहली ट्रेन सुबह 8.13 बजे मिलेगी, जो जीएनएलयू, इन्फोसिटी, सेक्टर-1 होते हुए 9.04 बजे सचिवालय स्टेशन पर पहुंचेगी। उसके बाद दूसरी ट्रेन सुबह 8.56 को, फिर 9.28 को चलेगी। गिफ्ट सिटी के लिए दिन की तीसरी ट्रेन सुबह 9.38 बचे चलेगी जो जीएनएलयू होते हुए 10.07 बजे गिफ्ट सिटी पहुंचेगी। सचिवालय के लिए सुबह 10.05 बजे, फिर 10.40 बजे, फिर 11.15 बजे, फिर 11.48 बजे, फिर 12.21 बजे फिर 13.02 बजे मेट्रो चलेगी। 13.38 बजे मोटेरा से सेक्टर-1 तक ट्रेन चलेगी। 14.12 को , 15.10, 15.50, 16.26, 17.02, 17.34, 18.13, 18.43 बजे मेट्रो मोटेरा से सचिवालय तक जाएगी। अंतिम मेट्रो रात 19.22 बजे मोटेरा से सचिवालय के लिए रवाना होगी, जो रात 20.08 बजे सचिवालय पहुंचेगी।

सचिवालय से मोटेरा के लिए पहली ट्रेन सुबह 8.32 बजे चलेगी जो सुबह 9.18 बजे मोटेरा पहुंचेगी। सचिवालय से अंतिम ट्रेन रात 19.31 बजे मोटेरा के लिए चलेगी। गिफ्ट सिटी से मोटेरा के लिए पहली ट्रेन सुबह 7.57 को फिर 8.30 बजे, फिर 10.09 बजे और फिर 16.02 और 17.17 उसके बाद अंतिम ट्रेन 18.23 बजे मोटेरा के लिए चलेगी।

**मोटेरा से सचिवालय तक सात स्टेशन पर ठहराव :** मोटेरा के साथ गांधीनगर सचिवालय तक 27 अप्रेल से शुरू हो रही मेट्रो सात स्टेशनों पर ठहरेगी। इसमें मोटेरा के बाद कोटेश्वर रोड, विश्वकर्मा कॉलेज, तपोवन सर्कल, नर्मदा कैनाल, कोबा सर्कल, सेक्टर-10 ए स्टेशन शामिल है।